Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 21 June 2024

Dainik Jagran
Page - 06

हिंदी के साथ एंजेलो, कामू, फिशर का साहित्य भी पढ़ेंगे गोवि के छात्र

गोवि में स्थापित होगा सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से विश्वविद्यालय में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित किए जाने की स्वीकृति मिली है। यह केंद्र विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय के साइबर लाइब्रेरी में स्थापित किया जाएगा। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 24 जून को इस केंद्र का आनलाइन शुभारंभ करेंगी।

वर्क स्टेशन की स्थापना के लिए 24 जून को ही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन व जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा के बीच एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा। विश्वविद्यालय में सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन के लिए भूगोल के विभागाध्यक्ष प्रो एसके सिंह व मनोविज्ञान विभाग की प्रो. अनुभूति दूबे को स्टीयरिंग कमेटी का सदस्य नामित किया गया है।

"विश्वविद्यालय में सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन 24 जून को जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक के साथ अनुबंध की प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। उसी दिन कुलाधिपति उसका आनलाइन शुभारंभ करेंगी।
प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय"

विश्वविद्यालय ग्रंथालयी डा. विभाष मिश्र को प्रभारी व प्रोग्रामर सच्चिदानंद पांडेय को सहायक प्रभारी बनाया गया है।

विश्वविद्यालय में 'सेंसस डेटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों तथा डाटा यूजर को लाभांवित करना एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 30 हजार से अधिक सारणियां एवं आठ हजार से अधिक आलेख वेबसाइट censusindia.gov.in पर प्रकाशित है।

प्रवेश परीक्षा 27 से, आठ को समापन

कल शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी, दो पालियों में होगी परीक्षा

गोरखपुर विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-24 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। 27 जून परीक्षाओं की शुरुआत होगी और आठ जुलाई तक समापन होगा। 22 जून की शाम छह बजे से अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। शोध पात्रता परीक्षा के लिए तिथि अगले सप्ताह जारी होगी।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न होंगी। इसके लिए मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर जाकर 22 जून की शाम छह बजे से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाओं के व्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देश दिए गए हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को यहां अध्ययन के लिए आमंत्रित करना हमारा अभीष्ट है।

तिथिवार समय सारिणी

27 जून : पहली पाली- बीकाम आनर्स और दूसरी पाली- एमकाम
28 जून : पहली पाली- बीसीए और दूसरी पाली- एमए मनोविज्ञान, विजुअल आर्ट्स, इतिहास और एमएससी भौतिकी व वनस्पति विज्ञान
29 जून : पहली पाली- बीएससी आनर्स बायो ग्रुप, बीएससी गृह विज्ञान और दूसरी पाली- एमएससी कृषि
30 जून : पहली पाली- बीए आनर्स और दूसरी पाली- एलएलबी
01 जुलाई : पहली पाली- एमए प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, एमए-एमएससी गणित व एमएससी गृह विज्ञान और दूसरी पाली- बीबीए व एमबीए
02 जुलाई : पहली पाली- बीएससी आनर्स मैथ ग्रुप व बीएससी गृह विज्ञान आनर्स मैथ ग्रुप और दूसरी पाली- एमए राजनीति विज्ञान, बीएजेएमसी, एमएससी इलेक्ट्रानिक्स, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग
03 जुलाई : पहली पाली- बीए-एलएलबी आनर्स और दूसरी पाली- बीएससी एमएलटी, बीपीटी, एमएससी माइक्रो बायोलाजी
04 जुलाई : पहली पाली- एमएससी जुलोजी व एक्वाकल्चर और दूसरी पाली- एमए समाजशास्त्र
05 जुलाई : पहली पाली- बीटेक व एमए भूगोल और दूसरी पाली- बीएचएमसीटी, एमए हिंदी, एमएससी रसायन विज्ञान व एमएससी औद्योगिक रसायन विज्ञान
06 जुलाई : पहली पाली- एलएलएम और दूसरी पाली- एमए अंग्रेजी
07 जुलाई : पहली पाली- बीएससी आनर्स कृषि और दूसरी पाली- एमएससी बायोटेक्नालाजी, बायोटेक्नालाजी व बायो इन्फार्मेटिक्स, बीकाम आनर्स बैंकिंग और बीमा
08 जुलाई : पहली पाली- एमएड पेपर-1 और दूसरी पाली- एमएड पेपर-2

Amar Ujala
Page - 07, 08, 09

गोरखपुर विश्वविद्यालय : 27 जून से आठ जुलाई तक होगी प्रवेश परीक्षा

दो पालियों में होगी परीक्षा, विश्वविद्यालय में बनेंगे 11 केंद्र, समय सारणी जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 27 जून से आठ जुलाई तक आयोजित होंगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए समय सारणी जारी कर दी है। 22 जून की शाम छह बजे से अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। शोध पात्रता परीक्षा के लिए तिथि अगले सप्ताह जारी होगी।

एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न होंगी। इसके लिए मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर जाकर 22 जून की शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

22 जून को शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी



परीक्षाओं के व्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को यहां अध्ययन के लिए आमंत्रित करना हमारा अभीष्ट है।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

तिथि	पहली पाली	दूसरी पाली
27 जून	बीकॉम ऑनर्स	एमकॉम, एमए मनोविज्ञान
28 जून	बीसीए	एमए (विजुअल आर्ट्स, इतिहास), एमएससी (भौतिकी, वनस्पति विज्ञान)
29 जून	बीएससी ऑनर्स (गृह विज्ञान, बायो ग्रुप)	एमएससी कृषि
30 जून	बीए ऑनर्स	एलएलबी
1 जुलाई	एमए (प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा) एमए/एमएससी गणित, एमएससी गृह विज्ञान	बीबीए, एमबीए
2 जुलाई	बीएससी ऑनर्स (गृह विज्ञान, मैथ्स ग्रुप)	एमए राजनीति विज्ञान, बीएजेएमसी, एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग
3 जुलाई	बीएएलएलबी ऑनर्स	बीएससी एमएलटी/बीपीटी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी
4 जुलाई	एमएससी (जूलॉजी, एक्वाकल्चर)	एमए समाजशास्त्र
5 जुलाई	बीटेक, एमए भूगोल	बीएचएमसीटी, एमए हिंदी, एमएससी (रसायन विज्ञान, औद्योगिक रसायन विज्ञान)
6 जुलाई	एलएलएम	एमए अंग्रेजी
7 जुलाई	बीएससी कृषि ऑनर्स	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बायो इंफॉर्मेटिक्स, प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस ऑनर्स
8 जुलाई	एमएड पेपर 1	एमएड पेपर 2

डीडीयू : सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन की होगी स्थापना

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रदेश में स्थापित होने वाला चौथा वर्क स्टेशन होगा राज्यपाल करेंगी शुभारंभ

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' की स्थापना के लिए जनगणना कार्य निदेशालय, केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृति मिल गई है। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 24 जून को इसका ऑनलाइन शुभारंभ करेंगी।

इसे विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी के साइबर लाइब्रेरी में स्थापित किया जाएगा। 24 जून को कुलपति व जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगे। 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों और डाटा यूजर को लाभान्वित एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

प्रदेश में पहले से तीन विश्वविद्यालयों में यह स्थापित है। गोरखपुर विश्वविद्यालय दूसरा राज्य विश्वविद्यालय है, जहां इस केंद्र की स्थापना हो रही है।

डीडीयू में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' के लिए भूगोल के विभागाध्यक्ष प्रो. एसके सिंह व मनोविज्ञान विभाग की प्रो. अनुभूति दूबे को स्टीयरिंग कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' की स्थापना की स्वीकृति मिल गई है।

शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगा डाटा

गोरखपुर विश्वविद्यालय में जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 30 हजार से अधिक सारणियां एवं आठ हजार से अधिक आलेख वेबसाइट censusindia.gov.in पर प्रकाशित हैं। डीडीयू रिसर्च वर्क स्टेशन पर जनगणना 1991-2011 की सभी प्रकाशित जनगणना तालिकाएं एवं आंकड़े सॉफ्ट कॉपी में शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। शोधकर्ताओं की व्यवस्थित अनुसंधान के लिए जनगणना के माइक्रो डाटा तक पहुंच होगी। भारत की आबादी के सामाजिक, आर्थिक व जनसांख्यिकीय संदर्भ का अध्ययन करने में भी मदद मिलेगी।

डीडीयू में संगीतमय योग का कराया अभ्यास

शोधपीठ में चल रहे योग कार्यक्रम में योग करते विद्यार्थी। संवाद

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के गुरु गोरक्षनाथ शोधपीठ में योग सप्ताह के छठवें दिन बृहस्पतिवार को संगीतमय योग का आयोजन किया गया। डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दूबे ने इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. विनय मल्ल, कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. धनंजय कुमार, डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी, डॉ. मनोज द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संवाद

डीडीयू के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज होगा योगाभ्यास

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शुक्रवार को योग कार्यक्रम होगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों से जुड़े विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी और आम लोग भाग लेंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अगुवाई में विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 5:30 बजे से योगाभ्यास शुरू होगा। संवाद

Hindustan
Page - 08

डीडीयू गोरखपुर विवि में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक के प्रवेश परीक्षा की समय सारिणी जारी

27 जून से 8 जुलाई तक होगी प्रवेश परीक्षा

मिशन एडमिशन

22 जून की शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी

27 जून को बीकॉम के पेपर से होगी प्रवेश परीक्षा की शुरुआत

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक के प्रवेश परीक्षा की समय सारिणी गुरुवार को जारी कर दी गई। परीक्षाएं 27 जून से आठ जुलाई तक होंगी। अभ्यर्थी 22 जून की शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। शोध पात्रता परीक्षा-2023 के लिए तिथि अगले हफ्ते जारी होगी।

डीडीयू में एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न होंगी। इसके लिए मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से 22 जून की शाम छह बजे से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

कुलपति प्रो. पूनम ने बताया कि परीक्षाओं के व्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को यहां अध्ययन के लिए आमंत्रित करना हमारा उद्देश्य है।

दो पालियों में होगी प्रवेश परीक्षा: 27 जून को प्रथम पाली में बीकॉम के पेपर से परीक्षा की शुरुआत होगी। दूसरी पाली में एमकॉम और एमए मनोविज्ञान की परीक्षा होगी। इसी तरह 28 को प्रथम पाली में बीसीए, द्वितीय पाली में एमए (विजुअल आर्ट्स, इतिहास), एमएससी (भौतिकी, वनस्पति विज्ञान), 29 को बीएससी ऑनर्स, बीएससी गृह विज्ञान, दूसरी पाली में एमएससी कृषि, 30 को प्रथम पाली में बीए ऑनर्स, दूसरी पाली में एलएलबी की परीक्षा होगी। एक जुलाई को प्रथम पाली में एमए प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र एमए एमए/एमएससी गृह विज्ञान, एमए शारीरिक शिक्षा, एमए/एमएससी गणित की परीक्षा, दूसरी पाली में बीबीए व एमबीए की परीक्षा, 2 को बीएससी ऑनर्स (गृह विज्ञान, मैथ्स ग्रुप) दूसरी पाली में एमए राजनीति शास्त्र, बीएजेएमसी, एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग, 3 को प्रथम पाली में बीए एलएलबी ऑनर्स, दूसरी पाली में बीएससी एमएलटी/बीपीटी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, चार को प्रथम पाली में एमएससी जूलॉजी व एक्वाकल्चर, दूसरी पाली में एमए समाजशास्त्र, पांच जुलाई को प्रथम पाली में बीटेक व एमए भूगोल, द्वितीय में बीएचएमसीटी, एमए हिंदी, एमएससी (रसायन विज्ञान, औद्योगिक रसायन विज्ञान), 6 को प्रथम में एलएलएम, द्वितीय में अंग्रेजी, सात को प्रथम में बीएससी कृषि ऑनर्स व द्वितीय में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बायो इंफॉर्मेटिक्स, प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस ऑनर्स की परीक्षा होगी। एमएड के लिए प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को दोनों पालियों में होगी।

डीडीयू में स्थापित होगा सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन

24 को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल केंद्र का ऑनलाइन शुभारंभ करेंगी

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार द्वारा डीडीयू में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित किए जाने की स्वीकृति दी गई है। विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय की साइबर लाइब्रेरी में स्थापित होने वाले केंद्र का ऑनलाइन शुभारंभ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 24 जून को करेंगी।

इसकी स्थापना के लिए 24 जून को ही डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन व जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किया जाएगा। डीडीयू में सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन के लिए भूगोल के विभागाध्यक्ष प्रो एसके सिंह व मनोविज्ञान विभाग की प्रो. अनुभूति दूबे को स्टीयरिंग कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। विवि के ग्रंथालयी डॉ विभाष मिश्र को प्रभारी व प्रोग्रामर सच्चिदानंद पांडेय को सहायक प्रभारी बनाया गया है।

डीडीयू में 'सेंसस डेटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों तथा डाटा यूजर को लाभांवित करना एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 30 हजार से अधिक सारणियां एवं 8 हजार से अधिक आलेख वेबसाइट censusindia.gov.in पर प्रकाशित है। अभी तक यह केंद्र बीएचयू, एएमयू और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में स्थापित है। राज्य विश्वविद्यालय में डीडीयू में दूसरा सेंटर स्थापित होगा।

"विवि में सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन की स्थापना से पूर्वांचल सहित इस अंचल के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं जन-सामान्य के लिए व्यापक अनुसंधान का वातावरण एवं अवसर मिलेगा।
-प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू"

Inext Page - 01, 04

डीडीयू में 27 से एंट्रेंस एग्जाम स्टार्ट

दो शिफ्ट में होगी परीक्षा, विश्वविद्यालय में बनेंगे 11 केंद्र

GORAKHPUR (20 June): डीडीयूजीयू ने सत्र 2024-24 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है. 27 जून परीक्षाओं की शुरुआत होगी और आठ जुलाई तक समापन होगा. 22 जून की शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे. शोध पात्रता परीक्षा के लिए तिथि अगले सप्ताह जारी होगी. प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में किया जाएगा. सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक होगी. सभी प्रवेश परीक्षाएं परिसर में ही संपन्न होंगी. इसके लिए मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर जाकर 22 जून की शाम छह बजे से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे. कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. परीक्षाओं के व्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देश दिए गए हैं.

यह है टाइम टेबल

- 27 जून : पहली पाली- बीकाम आनर्स और दूसरी पाली- एमकाम
- 28 जून : पहली पाली- बीसीए और दूसरी पाली- एमए मनोविज्ञान, विजुअल आर्ट्स, इतिहास और एमएससी भौतिकी व वनस्पति विज्ञान
- 29 जून : पहली पाली- बीएससी आनर्स बायो ग्रुप, बीएससी गृह विज्ञान और दूसरी पाली- एमएससी कृषि
- 30 जून : पहली पाली- बीए आनर्स और दूसरी पाली- एलएलबी
- 01 जुलाई : पहली पाली- एमए प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, एमए-एमएससी गणित व एमएससी गृह विज्ञान और दूसरी पाली- बीबीए व एमबीए
- 02 जुलाई : पहली पाली- बीएससी आनर्स मैथ ग्रुप व बीएससी गृह विज्ञान आनर्स मैथ ग्रुप और दूसरी पाली- एमए राजनीति विज्ञान, बीएजेएमसी, एमएससी इलेक्ट्रानिक्स, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसिलिंग
- 03 जुलाई : पहली पाली- बीए-एलएलबी आनर्स और दूसरी पाली- बीएससी एमएलटी, बीपीटी, एमएससी माइक्रो बायोलाजी
- 04 जुलाई : पहली पाली- एमएससी जुलोजी व एक्वाकल्चर और दूसरी पाली- एमए समाजशास्त्र
- 05 जुलाई : पहली पाली- बीटेक व एमए भूगोल और दूसरी पाली- बीएचएमसीटी, एमए हिंदी, एमएससी रसायन विज्ञान व एमएससी औद्योगिक रसायन विज्ञान
- 06 जुलाई : पहली पाली- एलएलएम और दूसरी पाली- एमए अंग्रेजी
- 07 जुलाई : पहली पाली- बीएससी आनर्स कृषि और दूसरी पाली- एमएससी बायोटेक्नालाजी, बायोटेक्नालाजी व बायो इन्फार्मेटिक्स, बीकाम आनर्स बैंकिंग और बीमा
- 08 जुलाई : पहली पाली- एमएड पेपर-1 और दूसरी पाली- एमएड पेपर-2

डीडीयू में स्थापित होगा सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन

GORAKHPUR (20 June): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से विश्वविद्यालय में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित किए जाने की स्वीकृति मिली है. यह केंद्र विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय के साइबर लाइब्रेरी में स्थापित किया जाएगा. कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 24 जून को इस केंद्र का आनलाइन शुभारंभ करेंगी.वर्क स्टेशन की स्थापना के लिए 24 जून को ही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन व जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा के बीच एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा. विश्वविद्यालय में सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन के लिए भूगोल के विभागाध्यक्ष प्रो एसके सिंह व मनोविज्ञान विभाग की प्रो. अनुभूति दूबे को स्टीयरिंग कमेटी का सदस्य नामित किया गया है. विश्वविद्यालय ग्रंथालयी डा. विभाष मिश्र को प्रभारी व प्रोग्रामर सच्चिदानंद पांडेय को सहायक प्रभारी बनाया गया है.

Amar Ujala Select
Page - 05, 06

डीडीयू : सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन की होगी स्थापना

प्रदेश में स्थापित होने वाला चौथा वर्क स्टेशन होगा, राज्यपाल करेंगी शुभारंभ

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' की स्थापना के लिए जनगणना कार्य निदेशालय, केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृति मिल गई है। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 24 जून को इसका ऑनलाइन शुभारंभ करेंगी।

'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' को विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी के साइबर लाइब्रेरी में स्थापित किया जाएगा। 24 जून को ही कुलपति प्रो. पूनम टंडन व जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर भी किया जाएगा। 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों और डाटा यूजर को लाभान्वित एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

प्रदेश में पहले से तीन विश्वविद्यालयों में यह स्थापित है। इनमें दो केंद्रीय विश्वविद्यालय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अलीगढ़ मुस्लिम विद्यालय हैं। बीएचयू में वर्ष 2017 से व एएमयू में वर्ष 2023 से यह केंद्र क्रियाशील हैं।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में भी पिछले वर्ष से यह क्रियाशील है। गोरखपुर विश्वविद्यालय दूसरा राज्य विश्वविद्यालय है, जहां इस केंद्र की स्थापना हो रही है।

डीडीयू में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' के लिए भूगोल के विभागाध्यक्ष प्रो. एसके सिंह व मनोविज्ञान विभाग की प्रो. अनुभूति दूबे को स्टीयरिंग कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। सेंट्रल लाइब्रेरी के ग्रंथालयी डॉ. विभाष मिश्र को प्रभारी व प्रोग्रामर सच्चिदानंद पांडेय को सहायक प्रभारी बनाया गया है।

शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगा डाटा

गोरखपुर विश्वविद्यालय में जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 30 हजार से अधिक सारणियां एवं आठ हजार से अधिक आलेख वेबसाइट censusindia.gov.in पर प्रकाशित हैं। डीडीयू रिसर्च वर्क स्टेशन पर जनगणना 1991-2011 की सभी प्रकाशित जनगणना तालिकाएं एवं आंकड़े सॉफ्ट कॉपी में शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। शोधकर्ताओं की व्यवस्थित अनुसंधान के लिए जनगणना के माइक्रो डाटा तक पहुंच होगी। भारत की आबादी के सामाजिक, आर्थिक व जनसांख्यिकीय संदर्भ का अध्ययन करने में भी मदद मिलेगी।

"विश्वविद्यालय में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्क स्टेशन' की स्थापना की स्वीकृति मिल गई है। इससे पूर्वांचल सहित इस अंचल के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं जन-सामान्य के लिए व्यापक अनुसंधान का वातावरण एवं अवसर मिलेगा। - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति"

डीडीयू : प्रवेश परीक्षा 27 जून से आठ जुलाई तक

दो पालियों में होगी परीक्षा, विश्वविद्यालय में बनेंगे 11 केंद्र

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 27 जून से आठ जुलाई तक आयोजित होंगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए समय सारणी जारी कर दी है। 22 जून की शाम छह बजे से अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। शोध पात्रता परीक्षा के लिए तिथि अगले सप्ताह जारी होगी।

एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न होंगी। इसके लिए मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर जाकर 22 जून की शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। कुलपति प्रो. पूनम ने बताया कि परीक्षाओं के व्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को यहां अध्ययन के लिए आमंत्रित करना हमारा अभीष्ट है।

22 जून को शाम छह बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी

तिथि	पहली पाली	दूसरी पाली
27 जून	बीकॉम ऑनर्स	एमकॉम, एमए मनोविज्ञान
28 जून	बीसीए	एमए (विजुअल आर्ट्स, इतिहास), एमएससी (भौतिकी, वनस्पति विज्ञान)
29 जून	बीएससी ऑनर्स (गृह विज्ञान, बायो ग्रुप)	एमएससी कृषि
30 जून	बीए ऑनर्स	एलएलबी
1 जुलाई	एमए (प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा) एमए/एमएससी गणित, एमएससी गृह विज्ञान	बीबीए, एमबीए
2 जुलाई	बीएससी ऑनर्स (गृह विज्ञान, मैथ्स ग्रुप)	एमए राजनीति विज्ञान, बीएजेएमसी, एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसिलिंग
3 जुलाई	बीएएलएलबी ऑनर्स	बीएससी एमएलटी/बीपीटी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी
4 जुलाई	एमएससी (जूलॉजी, एक्वाकल्चर)	एमए समाजशास्त्र
5 जुलाई	बीटेक, एमए भूगोल	बीएचएमसीटी, एमए हिंदी, एमएससी (रसायन विज्ञान, औद्योगिक रसायन विज्ञान)
6 जुलाई	एलएलएम	एमए अंग्रेजी
7 जुलाई	बीएससी कृषि ऑनर्स	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बायो इंफॉर्मेटिक्स, प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस ऑनर्स
8 जुलाई	एमएड पेपर 1	एमएड पेपर 2

Rashtriya Sahara
Page - 05

डीडीयू में वृहद योग आज

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि में योग दिवस पर शुक्रवार को वृहद योग कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्य कार्यक्रम कुलपति प्रो.पूनम टंडन के नेतृत्व में विवि के स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रातः 5.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अलावा करीब दो लाख लोगों को ऑनलाइन जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है।

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन तथा कुलपति प्रो.टंडन के नेतृत्व में दीदउ गोविवि एवं महाविद्यालयों में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में विवि एवं महाविद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ आम जनमानस बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

ऑनलाइन योग शपथ लेने का राजभवन ने जारी किया है सर्टिफिकेट : विवि के मीडिया सेल ने बताया कि विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के अलावा इस कार्यक्रम में ऑनलाइन योग शपथ लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने में अपना योगदान देने वाले करीब दो लाख लोगों को आमंत्रित किया गया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने आनलाइन शपथ ग्रहण किया है तथा इन सभी लोगों को राजभवन से सर्टिफिकेट जारी किये गये हैं। विवि से संबद्ध महाविद्यालयों को अपने महाविद्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए पत्र लिखा गया है। इस कार्यक्रम से उन सभी लोगों को जोड़ने को कहा गया है जिन्होंने ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण की है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

- दो लाख लोगों को ऑनलाइन योग शपथ लेने को किया गया आमंत्रित
- सभी महाविद्यालय भी कराएंगे योगाभ्यास कार्यक्रम

संगीतमय योग कार्यक्रम के साथ साप्ताहिक योग कार्यक्रम का समापन : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में साप्ताहिक योग कार्यक्रम के छठवें दिन भी योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. अनुभूति दुबे के द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 8 बजे महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ में संगीतमय योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास डॉ. विनय मल्ल के द्वारा कराया गया। इसमें संगीत से जोड़कर योगाभ्यास के तरीके सिखाए गए। धन्यवाद ज्ञापन महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ के उप निदेशक डॉ. कुशलनाथ मिश्र के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. धर्मवत तिवारी, प्रो. धनंजय कुमार, डा. अमित उपाध्याय, डा. सूर्यकांत तिवारी, डा. मनोज कुमार द्विवेदी, डा.. सुनील कुमार, हर्षवर्धन सिंह, डा. कुंवर रणंजय सिंह, प्रिया सिंह, चिन्मयानन्द मल्ल तथा विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

शिक्षाशास्त्र षष्टम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 22 व 24 को

गोरखपुर(एसएनबी)। विश्वविद्यालय आवासीय खण्ड बीए षष्ठम् सेमेस्टर शिक्षाशास्त्र विषय के कैच नं. ईडीयू 307 एवं ईडीयू 308 सत्र 2023-2024 के छात्र-छात्राओं की मौखिकी परीक्षा 22 जून को रोल न. 221501001012 से 22150 10011 426 तक तथा 24 जून को रोल न. 2215010011427 से 221501 0011 949 तक की परीक्षा दोनों दिन प्रातः 08 बजे से (महाराणा प्रताप परिसर) शिक्षा संकाय में होगी। सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र एवं प्रोजेक्ट के साथ समय से उपस्थित हो। उक्त जानकारी विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने दी है।

27 से 8 जुलाई तक चलेंगी प्रवेश परीक्षाएं

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा गुरूवार को कर दी गई है। प्रवेश परीक्षाएं 27 जून से प्रारंभ होकर 8 जुलाई तक चलेंगी। शोध पात्रता परीक्षा की तिथियों की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी।

- स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी
- परीक्षाएं दो पालियों से संपन्न होंगी

सभी प्रवेश परीक्षाएं विवि परिसर में ही संपन्न होंगी। इसमें मुख्य परिसर के 9 तथा महाराणा प्रताप परिसर के 2 केंद्र शामिल है। परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक तथा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक संपन्न होंगी। पहले दिन 27 जून को प्रथम पाली में बीकाम ऑनर्स का तथा द्वितीय पाली में एमकाम एवं एमए विजुअल आर्ट्स की प्रवेश परीक्षा होगी। 08 जुलाई को एमएड के पेपर के साथ परीक्षाओं का समापन होगा। **22 जून से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी** :अभ्यर्थी विवि के प्रवेश पोर्टल (डीडीयूजीयू

एडमिशन.इन) पर जाकर 22 जून की शाम 6 बजे से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। **समय से प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे: कुलपति** प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के बारे में कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विवि का प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। विवि सुनियोजित तरीके से परीक्षाएं कराकर प्रवेश प्रक्रिया समय के अर्न्तगत पूरी कर लेगा। परीक्षाएं व्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए गये हैं। प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से मेरिट से प्रवेश संपन्न होंगे।